दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरुवार 15 जुलाई 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-03, अंक- 285

## सरकार को केंद्रीय कर्मचारियों को तोहफा अब 28 फीसदी मिलेगा महंगाई भत्ता

### » कोरोना के कारण डीए पर लगी रोक हटाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** करीब एक साल से महंगाई भत्ता (डीए) का इंतजार कर रहे केंद्रीय कर्मचारियों को केंद्र सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट की बैठक में डीए पर लगी रोक हटाने के साथ इसे 17 फीसदी से बढ़ा कर 28 फीसदी करने का फैसला लिया गया है। डीए की बढ़ी दर एक जुलाई से लागू होगी। जबकि जून महीने तक कर्मचारियों को पहले की तरह 17 फीसदी भत्ता मिलेगा। गौरतलब है कि कोरोना के कारण केंद्र सरकार ने बीते साल जून महीने से डीए पर रोक लगा दी थी।

कैबिनेट की बेठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा डीए में 11 फीसदी की बढ़ोत्तरी से सरकारी खजाने पर हर साल 34,401 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। इसका लाभ 48.34 लाख कर्मचारियों और 65.26 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। उन्होंने बताया कि कोरोना की वजह से केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को एक जनवरी 2020, एक जुलाई 2020 और एक जनवरी 2021 को देय महंगाई भत्ते और महंगाई राहत की तीन किस्तों पर रोक लगाई गई थी।



सरकार ने जनवरी 2020 से ले कर जनवरी 2021 तक तीन बार डीए में बढ़ोत्तरी की थी। जनवरी 2020 में डीए में चार फीसदी, जून 2020 में तीन फीसदी और इस साल जनवरी महीने में चार फीसदी की बढ़ोत्तरी की थी। हालांकि कोरोना के कारण इसका भुगतान नहीं हुआ था। अब डीए पर लगी रोक हटने के बाद तीनों किस्तों का भुगतान होगा।

कैबिनेट ने नेशनल आयुष मिशन को 1 अप्रैल 2021 से बढ़ाकर 31 मार्च 2026 तक करने का फैसला किया है। इसके तहत आयुष प्रणाली से जुड़ी शिक्षा और प्रशिक्षण को विस्तार दिया जाना है। इस मिशन के तहत 12 हजार आयुष हेल्थवेलनेस सेंटर, छह आयुष कॉलेज, 12 पीजी इंस्टीट्यूट के निर्माण केअलावा पुराने अस्पतालों का स्तर बढ़ाया जाना है।

कैबिनेट की बैठक में ग्रामीण भारत में पशुपालन को बढ़ावा देने केलिए 9800 करोड़ के बजट को मंजूरी दी गई है। इसके तहत पशुओं के लिए एंबुलेंस चलाने, आधुनिक तकनीकी की सहायता से ब्रीड विकास करने की योजना है। इससे जुड़ी पूरी योजना 54000 करोड़ रुपये की है।

कोरोना के कारण संकट में घिरे कपड़ा क्षेत्र को भी बड़ी राहत दी गई है। कैबिनेट ने टेक्सटाइल सेक्टर में वस्त्रों और पोशाकों के निर्यात के लिए राज्यों की लेवी और टैक्स में छूट को जारी रखने का फैसला किया गया है। पहले से जारी छूट को इसे 31 अगस्त 2024 तक बढ़ा दिया गया है। सरकार का मानना है कि इससे उत्पन्न स्थिर व्यवस्था में निर्यातकों को काम करने में आसानी होगी। वैश्विक बाजार में भारतीय टेक्सटाइल ज्यादा प्रतिस्पर्धी होंगे और स्टार्टअप और उद्यमियों को निर्यात के लिए प्रोत्साहन मिलने के कारण रोजगार में बढ़ोत्री होगी।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सुरक्षा बलों ने कुलगाम में किया आईईडी निष्क्रिय

**श्रीनगर।** सुरक्षाबलों के सतर्क जवानों ने बड़ी घटना को विफल करते हुए दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में शक्तिशाली विस्फोटक (आईईडी) का पता लगने पर उसे निष्क्रिय कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सुरक्षा बल के गश्ती दल को बीती देर रात कुलगाम के काजीगुंड क्षेत्र के दामजेन गांव के बाहरी इलाके में चिनार के पेड़ के नीचे संदिग्ध वस्तु दिखाई दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की तुरंत घेराबंदी कर बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) को बुलाया। बाद में बीडीएस ने शक्तिशाली विफोटक (आईईडी) को बिना किसी नुकसान के निष्क्रिय कर दिया गया। उन्होंने कहा कि समय रहते इसे निष्क्रिय नहीं किया गया होता जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता था। उन्होंने कहा कि काजीगुंड थाने में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### पूर्वी चीन के जियांगसू में इमारत गिरने से 17 की मौत

**नानजिंग।** पूर्वी चीन के जिआंगसु प्रांत के सूजौ शहर में एक होटल का हिस्सा ढहने से 17 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह हादसा दोपहर करीब 3.33 बजे हुआ। बचाव मुख्यालय के अनुसार इस दौरान 23 लोग फंस गए। बचाव अभियान बुधवार सुबह 9 बजे समाप्त हुआ। जियांग्सू की प्रांतीय सरकार ने दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए एक टीम का गठन किया है। इस बीच, स्थानीय पुलिस ने पतन के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ आपराधिक दंडात्मक कार्रवाई की है। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि वुजियांग जिले की सरकार के अनुसार, जहां होटल स्थित है, उसका अवैध तरीके से निर्माण कराया जा रहा था, जिस वजह से यह हादसा हुआ था।

### अमेरिका के साथ ईरान सभी कैदी की अदला-बदली के लिए तैयार

**तेहरान।** ईरान की सरकार के प्रवक्ता ने ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक कैदी की अदला-बदली के लिए चल रही बातचीत की पुष्टि करते हुए सभी कैदियों की अदला-बदली के लिए ईरान की तत्परता को जाहिर किया। ईरान की कैबिनेट के प्रवक्ता अली रबी ने कहा, हमने बार-बार कहा है कि मानवीय कारणों से ईरान सभी ईरानी कैदियों के लिए सभी (अमेरिकी) राजनीतिक कैदियों का आदान-प्रदान करने के लिए तैयार है। रबी ने जोर देकर कहा कि तेहरान को दुनिया भर में कैद सभी ईरानी नागरिकों की रिहाई की उम्मीद है। वाशिंगटन के अनुरोध पर तीसरे देशों में कैद ईरानियों को तेहरान संयुक्त राज्य अमेरिका के कैदी के रूप में मानता है। रैबी ने कहा कि ईरान ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तहत पिछले अमेरिकी प्रशासन को इस तरह के कैदी की अदला-बदली के लिए तत्परता की सूचना दी थी, लेकिन वाशिंगटन ने ईरानियों को बंधक बनाने पर जोर दिया और बातचीत की मेज पर बैठने से इनकार कर दिया था। उन्होंने कहा कि बिडेन प्रशासन ने कार्यालय में अपने पहले दिन के बाद से ही ईरान के विनिमय प्रस्ताव में रुचि दिखाई है। इसके जैसे ही स्वीकार्य परिणाम प्राप्त होंगे, ईरानी विदेश मंत्रालय इसकी घोषणा करेगा। शनिवार को, ईरान के लिए अमेरिका के विशेष दूत रॉबर्ट माली ने कहा कि एक कैदी की अदला-बदली के लिए ईरान के साथ बातचीत में कुछ प्रगति हुई है।

## 6 जिलों के जिला शिक्षाधिकारी बदले गए

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ सरकार ने बुधवार आदेश जारी करते हुए 6 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों का तबादला किया है। उक्त आदेश स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव जनक कुमार ने आदेश जारी किया है।

आदेश के अनुसार रायपुर एससीईआरटी उप संचालक कमरन खटकर को गरियाबंद ज़िला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। उपसंचालक सत्यनारायण पंडा को जशपुर जिला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। उपसंचालक सतीश पाण्डे को मुंगेली जिला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। उपसंचालक गोवर्धन भारद्वाज को कोरबा जिला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। उपसंचालक के.एल. महिलांगे को अंबिकापुर संभागीय सयुंक्त उप संचालक बनाया गया है। उपसंचालक राकेश पाण्डेय को कवर्धा जिला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। उपसंचालक के.एस. तोमर को लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती नवा रायपुर भेज दिया गया है। उपसंचालक दिनेश कौशिक को जांजगीर-चांपा जिला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। उपसंचालक रामानंद हीराधर को समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर में पदस्थ किया गया है। उपसंचालक भोपाल ताण्डे को लोक शिक्षण संचालनालय इंद्रावती नवा रायपुर भेज दिया गया है। उप संचालक कमरन खटकर को गरियाबंद ज़िला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है।

## पीयूष गोयल होंगे राज्यसभा में सदन के नेता

### » गहलोत की लेंगे जगह

### » उपनेता की भी घोषणा जल्द

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल राज्यसभा में नेता सदन होंगे। गोयल बीते हफ्ते कर्नाटक का राज्यपाल बनाए गए थावर चंद गहलोत की जगह लेंगे। भाजपा जल्द ही गोयल की जगह राज्यसभा में उपनेता के चयन के लिए भी माथापच्ची करेगी। गौरतलब है कि गहलोत के नेता सदन रहते गोयल राज्यसभा में उपनेता थे।



भाजपा सूत्रों ने बताया कि गहलोत को राज्यपाल बनाए जाने के बाद संगठन और संसद में रिक्त पदों को भरने के लिए विमर्श का दौर शुरू हुआ है। विमर्श की पहली कड़ी में गोयल को सदन का नेता बनाए जाने का फैसला किया गया है। इसके बाद पार्टी ने राज्यसभा में उपनेता के साथ गहलोत की जगह पार्टी की सबसे ताकतवर इकाई संसदीय बोर्ड में भी सदस्य का विकल्प तलाशना होगा। इसी हफ्ते इस संबंध में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

गौरतलब है कि गहलोत सरकार में कद्दावर दलित चेहरा थे। उन्हें राज्यपाल बनाने के बाद दलित बिरादरी के ही डॉ वीरेंद्र कुमार को उनकी जगह सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई। डॉ कुमार भी गहलोत की तरह मध्यप्रदेश से हैं।

## केंद्र प्रायोजित योजना राष्ट्रीय आयुष मिशन को जारी रखने की मिली मंज़ूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) को केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में 01 अप्रैल 2021 से 31 मार्च 2026 तक 4607.30 करोड़ रुपये (केंद्रीय हिस्से के रूप में 3,000 करोड़ रुपये और राज्य के हिस्से के रूप में 1607.30 करोड़ रुपये) के वित्तीय व्यय के साथ जारी रखने को मंजूरी दे दी है। आयुष मिशन 15 सितंबर 2014 को शुरू किया गया था।

भारत के पास आयुर्वेद, सिद्ध, सोवा-रिग्पा, यूनानी और साथ ही होम्योपैथी (एएसयू एंड एच) जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का प्रतिनिधित्व करने वाली एक अद्वितीय विरासत है जो निवारक, प्रोत्साहक और उपचारात्मक स्वास्थ्य सेवा के लिए ज्ञान का खजाना है। भारतीय चिकित्सा पद्धतियों की विशेषताएं यानी उनकी विविधता एवं लचीलापन; सुगम्यता; वहन योग्य, आम जनता के एक बड़े वर्ग द्वारा व्यापक स्वीकृति; तुलनात्मक रूप से कम लागत और बढ़ते आर्थिक मूल्य, उन्हें वैसे स्वास्थ्य सेवा प्रदाता बनने की क्षमताओं से भरती हैं जिनकी हमारे एक बड़े वर्ग को जरूरत है।

केंद्र प्रायोजित योजना, राष्ट्रीय आयुष मिशन को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सस्ती आयुष सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आयुष अस्पतालों और औषधालयों के उन्नयन के माध्यम से व्यापक पहुंच के साथ, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में आयुष सुविधाओं को एक साथ मुहैया करना, आयुष शैक्षणिक संस्थानों के उन्नयन के माध्यम से राज्य स्तर पर संस्थागत क्षमता को मजबूत करना, 50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पताल की स्थापना, आयुष सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रम और 12,500 आयुष स्वास्थ्य एवं वेलनेस सेंटर का संचालन करना है। इनके पीछे मकसद आयुष सिद्धांतों और प्रथाओं के आधार पर एक समग्र वेलनेस मॉडल की सेवाएं प्रदान करना है ताकि रोग के बोझ को कम कर और जेब पर पड़ने वाले खर्च को कम करके स्व-देखभाल के लिए जनता को सशक्त बनाया जा सके।

## लश्कर के पाकिस्तानी कमांडर हुरैरा समेत 3 आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा सेक्टर में आज सुबह भारतीय सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। सुरक्षाबलों को यहां कुछ आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इस एनकाउंटर में लश्कर के पाकिस्तानी कमांडर एजाज अबू हुरैरा समेत 3 आतंकी मारे गए हैं। मारे गए आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। हालांकि सुरक्षाबलों का ऑपरेशन अब भी जारी है। आईजीपी कश्मीर ने बताया कि मारे गए आतंकियों में से एक लश्कर-ए-तैयबा का पाकिस्तानी कमांडर ऐजाज उर्फ अबू हुरैरा है। इसके साथ ही दो स्थानीय आतंकियों को भी मार गिराया गया है। हालांकि सुरक्षाबलों का ऑपरेशन अब भी जारी है।



पिछले सप्ताह हुई मुठभेड़ में भी है छह आतंकी ढेर कर दिए गए थे। सुंदरबनी में दो पाकिस्तानी आतंकियों समेत प्रदेश में वीरवार को सुरक्षाबलों ने छह दहशतगर्द ढेर कर दिए गए थे। एलओसी से सटे राजोरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में सेना ने घुसपैठ को नाकाम करते दो पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया। मुठभेड़ में नायब सूबेदार समेत दो जवान भी शहीद हो गए, जबकि एक जवान घायल हो गया। सुंदरबनी के अलावा कश्मीर के पुलवामा और कुलगाम में भी दो-दो आतंकी मारे गए।

वहीं दूसरी तरफ जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास मंगलवार रात करीब 10 बजे एक बार फिर ड्रोन देखा गया। ड्रोन दिखने पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पांच से छह राउंड फायरिंग की, जिसके बाद वो वापस पाकिस्तान की सीमा में चला गया। इस मामले में बीएसएफ ने बयान जारी कर कहा कि 13 और 14 जुलाई की रात को अरनिया सेक्टर में बीएसएफ जवानों ने लगभग 9 बजकर 52 मिनट पर 200 मीटर की दूरी पर एक टिमटिमाती लाल लाइट चमकती हुई देखी।

अलर्ट बीएसएफ जवानों ने लाल लाइट की ओर गोलीबारी की, जिसके कारण वो वापस लौट गया। इलाके की तलाशी ली जा रही है, अब तक कुछ भी नहीं मिला है। जम्मू एयरफोर्स स्टेशन पर हुए ड्रोन हमले के बाद से पिछले कुछ दिनों में जम्मू में कई ड्रोन दिखाई दिए हैं। ये छठी बार है जब पिछले महीने जून में जम्मू एयरफोर्स स्टेशन पर हुए दो धमाकों के बाद एक ड्रोन को जम्मू के ऊपर मंडराते देखा गया। पाकिस्तान से लगी सीमा से करीब 14 किलोमीटर दूर स्थित हाई सिक्योरिटी वाले जम्मू एयरफोर्स स्टेशन पर हुए धमाकों में एयरफोर्स के दो जवानों को मामूली चोटें आई थी।

## पूर्व राट्रपति जुमा को जेल में बंद करने को हिंसा: 72 की मौत

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका में पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को जेल में बंद किए जाने के बाद देश के कुछ हिस्सों में हुई हिंसा में कम से कम 72 लोगों की मौत हो गई है। सोवेटो के एक शॉपिंग सेंटर में बीती रात लूटपाट के दौरान मची भगदड़ में 10 लोग मारे गए।

डरबन में एक इमारत से फेंके गए एक बच्चे को भी फिल्माया है, जिसमें भूतल की दुकानों में लूटपाट के बाद आग लग गई थी।

पिछले हफ्ते अशांति शुरू होने के बाद से अब पुलिस की मदद के लिए सेना को तैनात किया गया है।

दक्षिण अफ्रीकी पुलिस ने एक बयान में कहा कि उन्होंने दंगों को भड़काने के संदिग्ध 12 लोगों की पहचान की है और कुल 1,234 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने इसे दक्षिण अफ्रीका में 1990 के दशक के बाद से देखी गई सबसे खराब हिंसा कहा है।

मंत्रियों ने चेतावनी दी है कि अगर लूटपाट जारी रही, तो जोखिम वाले क्षेत्रों में जल्द ही बुनियादी खाद्य आपूर्ति समाप्त हो सकती है। हालांकि अधिकारियों ने आपातकाल की स्थिति घोषित करने से इंकार कर दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार, बीती दोपहर तक 200 से अधिक शॉपिंग मॉल लूट लिए गए थे।

## पीएम मोदी ने मालदीव गणराज्य के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद से टेलीफोन पर की बातचीत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मालदीव गणराज्य के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह से टेलीफोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति सोलिह ने कोविड महामारी के खिलाफ लड़ाई में भारत के सहयोग और समर्थन के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया।



दोनों नेताओं ने मालदीव में भारत के सहयोग से चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और कोविड महामारी की बाधाओं के बावजूद इनके कार्यान्वयन की तीव्र गति पर संतोष व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मालदीव भारत की पड़ोसी देश पहले की नीति और क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) की समुद्री दूरदृष्टि का एक केंद्रीय स्तंभ है। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष के रूप में मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद के चुने जाने पर राष्ट्रपति सोलिह को बधाई भी दी। दोनों नेताओं के बीच टेलीफोन पर हुई इस बातचीत ने उन्हें द्विपक्षीय संबंधों की समग्र स्थिति का जायजा लेने और दोनों देशों के बीच चल रहे वास्तविक सहयोग को और तेज गति एवं मार्गदर्शन प्रदान करने का अवसर प्रदान किया है।

## केरल में 17 से संपूर्ण लॉकडाउन का ऐलान, कोरोना और जीका वायरस ने बढ़ाया खतरा

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार भले ही कमजोर पड़ती दिखाई पड़ रही हो, लेकिन दक्षिण भारत में कोरोना के साथ ही जीका वायरस का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। केरल में कोरोना और जीका वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए 17 और 18 जुलाई को संपूर्ण लॉकडाउन का ऐलान किया गया है। राज्य में जिस तरह से वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए राज्य सरकार बहुत जल्द नई गाइडलाइन जारी कर सकती है।



केरल में कोरोना और जीका वायरस के खतरे को देखते हुए बैंक में अब केवल पांच दिन ही कामकाज की इजाजत दी गई है। इसके साथ ही संपूर्ण लॉकडाउन के दौरान सभी बैंकों को दो दिन बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। केरल में कोरोना के साथ ही जीका वायरस के मरीज भी बढ़ गए हैं। मंगलवार को राज्य में तीन और नए केस सामने आने के बाद जीका वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या अब 18 हो गई है। बता दें कि मंगलवार को जो तीन नए मामले सामने आए हैं उनमें एक बच्चा भी शामिल है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि राज्य में जीका वायरस का खतरा बढ़ गया है। मंगलवार को जिन तीन मरीजों में जीका वायरस की का पता चला है उनमें एक 22 महीने का बच्चा, एक 46 वर्षीय व्यक्ति और एक 29 वर्षीय स्वास्थ्यकर्मी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना के खतरे के बीच राज्य में अब तक जीका वायरस के 18 मामले सामने आ चुके हैं। केरल में मंगलवार को कोविड-19 के 14,539 नए मामले सामने आए, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 30,87,673 हो गई। वहीं, पिछले 24 घंटे में 124 और मरीजों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 14,810 हो गई। स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने एक बयान में बताया कि मालापुरम में सबसे ज्यादा 2,115 मामले सामने आए हैं। इसके बाद एर्नाकुलम में 1,624 और कोल्लम में 1,404 मामले सामने आए। मंगलवार को 10,331 मरीज संक्रमण मुक्त भी हो गए, जिसके बाद कुल स्वस्थ हुए लोगों की संख्या बढ़कर 29,57,201 हो गई। राज्य में 1,15,174 मरीजों का उपचार चल रहा है।